दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 13 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अ अवधिः– 15 मिनट

---

01. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना जारी। दोपहर बाद तक परिणाम आने की सम्भावना।

02. राज्य सरकार ने अरवल, जमुई, शिवहर और बांका समेत इकतीस जिलों में नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा विवादों का निपटारा।

04. और, गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां उफान पर। वाल्मीकिनगर गंडक बराज से तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण कई नये इलाके बाढ़ की चपेट में।

---

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पूर्णियां कॉलेज स्थित मतगणना केन्द्र पर सुबह से ही विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ लगी हुई है। दोपहर तक परिणाम आने की सम्भावना है।

–––बाईट–––

रुपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच पूर्णिया कॉलेज मतगणना केन्द्र पर मतों की गिनती का काम सुचारु ढ़ंग से चल रहा है। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाये गये हैं। जानकारी के अनुसार पहले सर्विस वोटों की गिनती की गई। रुझान मिलने लगे है और दोपहर बाद तक परिणाम आने की संभावना। 10 जुलाई को हुए मतदान में संतावन दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला जदयू के कलाधर मंडल और राजद की बीमा भारती के बीच माना जा रहा है।

आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

---

राज्य सरकार ने अरवल, जमुई, शिवहर और बांका समेत इकतीस जिलों में नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में मेट्रो रेल परियोजना की शुरूआत के लिए भी कैबिनेट ने सात सौ दो करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णियां में इलेक्ट्रिक बस

सेवा शुरू करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस योजना के तहत एक हजार बत्तीस करोड़ रूपये की लागत से चार सौ नई बस खरीदी जायेगी। साथ ही कई शहरों में ई–रिक्शा स्टैंड बनाने के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने पांचवां वेतनमान पाने वाले राज्य कर्मियों और सेवानिवृत कर्मियों का महंगाई भत्ता सोलह प्रतिशत और छठे वेतनमान वाले कर्मियों का महंगाई भत्ता नौ प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी। वहीं, विभिन्न विभागों में सात सौ उनचास नये पद सृजित किये जायेंगे। साथ ही पांच सौ चौंतीस कम्प्यूटर डाटा ऑपरेटर की नियुक्ति की जायेगी।

मंत्रिमंडल ने सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान होने वाली मौत पर तीस लाख रूपये का मुआवजा दिये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। पारित प्रस्ताव के अनुसार हादसे में स्थाई विकलांगता पर बीस लाख और अस्थाई विकलांगता पर दस लाख रूपये दिये जायेंगे।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इन अदालतों में कई प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा होगा। दीवानी मामलों के साथ–साथ कुछ प्रकार के फौजदारी मामले, बैंक ऋण विवाद, बिजली बिल, टेलीफोन बिल, मोटरयान दुर्घटना और वैवाहिक विवाद से संबंधित मामलों का लोक अदालत में निष्पादन किया जायेगा।

---

नेपाल के मदन–अश्रित राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण दो बसें त्रिशूली नदी में बह गईं। इन बसों में ड्राइवर समेत कुल तिरसठ यात्री सवार थे। इस हादसे में पूर्वी चम्पारण जिले के बखरी पंचायत के भितहरवा गांव के दो लोगों की मौत की खबर है। इसके साथ ही इस घटना में मृत सात भारतीयों में से छह की पहचान कर ली गयी है

---

पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के दनियावां स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के कुछ डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण फतुहा – इस्लामपुर रेल खंड पर रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ है। जिसके कारण पांच रेलगाड़ियां रद्द कर दी गयी हैं, जबकि कुछ का आशिंक समापन किया गया है। इधर, भुसावल मंडल में यार्ड रिमॉडलिंग के लिए एनआई कार्य के कारण कई रेलगाड़ियों के परिचालन में बदलाव किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इसके कारण अहमदाबाद – बरौनी, भागलपुर – सूरत एक्सप्रेस, अहमदाबाद – आसनसोल अप और डाउन रेलगाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलायी जायेगी। वहीं,

लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस के परिचालन समय में एक घंटे का बदलाव किया गया है। ये बदलाव तेरह से बीस जुलाई तक प्रभावी रहेंगी।

---

नेपाल के तराई क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां लगातार उफान पर है। नदियों के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी से निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल रहा है। पश्चिम चम्पारण से हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज से कल दोपहर तक तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण कई नये इलाके बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं।

———बाईट———

जिले के योगापट्टी प्रखंड के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं, बगहा के शास्त्रीनगर और पारस नगर में गंडक नदी का दबाव बना हुआ है। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में लक्ष्मीपुर रमपूरवा पंचायत के चकदहवा, बीन टोली, कान्ही टोला और झंडुटोला का सम्पर्क बगहा–वाल्मीकिनगर मुख्य पथ से टूट गया है। इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के सामने खाने–पीने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। साथ ही इन क्षेत्रों में बिजली संचरण सेवा भी प्रभावित हुई है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

पूर्वी चम्पारण जिले में भी गंडक नदी का कटाव जारी है। संग्रामपुर, पुछड़िया और मलाही टोला के पचास से अधिक घर कटाव के मुहाने पर है। गंडक की पेटी में बसे लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। इधर, भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते कोसी और गंगा नदी उफान पर है। जिले के रंगरा प्रखंड में गंगा नदी के कटाव की रफ्तार तेज हो गयी है। वहीं, मदरौनी और जहांगीरपुर के साथ–साथ नवगछिया के खरीक सिंगकुंड में कोसी नदी कटाव कर रही है। कटाव से तीनटंगा दियारा के दक्षिणी पंचायत के ज्ञानीदास टोला, कुतरूदास टोला, बिंद टोली और तीनटंगा दियारा उत्तरी पंचायत के सिमरिया और नवटोलिया सहित आधे दर्जन गांवों के लोगों में भय का माहौल है। हमारे शिहवर संवाददाता ने बताया कि बागमती और लालबकैया नदी में उफान के कारण निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

जिले में बागमती पुल के पूर्वी–दक्षिणी भाग में स्थित पिपराही, रतनपुर और उकनी गांव के पास नदी के किनारे पर तेज कटाव हो रहा है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से अड़तीस सेंटीमीटर ऊपर है। जल संसाधन विभाग के अनुसार बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। विभाग नदी के किनारे बने तटबंध की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी कर रहा है। जलस्तर बढ़ने के कारण धान की फसल डूब गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

मधुबनी जिले में बाढ़ की स्थिति दिन–प्रतिदिन और बिगड़ती जा रही है। कमला नदी का लाल निशान से साठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से।

–––बाईट–––

मधुबनी जिले में कोसी, कमला बलान और भूतही बलान नदी की बाढ़ से लगभग एक लाख की आबादी प्रभावित है। जिले के मधेपुर और मधवापुर प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है। इधर, भूतही बलान नदी में उफान के कारण मधेपुर प्रखंड के दवालख पंचायत क्षेत्र में जानकीनगर घाट के पास बाढ का पानी मुख्य सड़क पर आ गया है। वहीं, स्थानीय बरसाती नदियों के जलस्तर में बढोतरी के कारण मधवापुर प्रखंड के पीरोखर डायवर्सन के ऊपर से पानी का बहाव हो रहा है। इसके चलते लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकील हुसैन।

दरभंगा में कमला बलान नदी का पानी कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड की इटहर–चौकिया सड़क पर फैल गया है। इटहर पंचायत के सभी गांव पानी से घिर गये हैं। इधर, अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले से होकर गुजरने वाली कई छोटी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ़ जैसे हालात बन गये हैं। कटिहार में महानंदा, गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी से निचले इलाकों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

---

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी, शिवहर, सीवान, कैमूर, गोपालगंज और किशनगंज समेत तेरह जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, औरंगाबाद और पूर्वी चम्पारण जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश हुई है। सीतामढ़ी के ढेंघरा घाट में सबसे अधिक एक सौ तीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

अररिया जिले के ताराबाड़ी थाना क्षेत्र से पुलिस ने लगभग तैंतीस किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत कार्यालय से अनुपस्थित साठ कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगते हुये उनके वेतन पर रोक लगा दी है।

---

भारत और जिम्बाब्वे के बीच चौथा टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे शुरू होगा। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत दो–एक से आगे है। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच कल हरारे में ही खेला जाएगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नेपाल में दो बसें नदी में गिरी, बासठ यात्री बहे। लापता नौ लोगों में से तीन पूर्वी चम्पारण जिले के।

दैनिक जागरण ने राज्य में सिपाही भर्ती परीक्षा को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों के लिए सात से अट्ठाईस अगस्त तक आयोजित होगी भर्ती परीक्षा।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– आपातकाल की तारीख पच्चीस जून अब संविधान हत्या दिवस, केन्द्र का आदेश।

प्रभात खबर ने नीट पेपर लीक मामले पर लिखा है– हाई कोर्ट के आदेश पर जेल में बंद तेरह आरोपियों का रिमांड सीबीआई को मिला।

आज अखबार की सुर्खी है– उच्चतम न्यायालय का हाथरस मामले की जांच से इंकार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना जारी। दोपहर बाद तक परिणाम आने की सम्भावना।

02. राज्य सरकार ने अरवल, जमुई, शिवहर और बांका समेत इकतीस जिलों में नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा विवादों का निपटारा।

04. और, गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां उफान पर। वाल्मीकिनगर गंडक बराज से तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण कई नये इलाके बाढ़ की चपेट में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।